पहाड़ों पर आधुनिक ATV वाहनों से रेस्क्यू करेगी फायर सर्विस

चर्चा में क्यों?

- 9 सितंबर, 2023 को उत्तराखंड फायर सर्विस आईजी नीरू गर्ग ने बताया कि पहाड़ों के दुर्गम रास्तों तक पहुँचने के लिये फायर सर्विस के जवानों को ज़्यादा मशक्कत नहीं करनी होगी। इसके लिये पुलिस विभाग जल्द ही फायर सर्विस के लिये दो ऑल टेरेन व्हीकल (एटीवी) वाहन खरीदने जा रहा है।

प्रमुख बिंदु

- ये (एटीवी) वाहन खाई में उतरने, नदी, नाले सब जगह चलने में सक्षम होंगे।
- फिलहाल इन वाहनों की खरीद केदारनाथ धाम और गंगोत्री धाम क्षेत्र के लिये होगी। इन जगहों पर बड़ी गाड़ियाँ नहीं पहुँच पाती हैं। न ही यहाँ के सँकरे रास्तों पर फायर सर्विस के छोटे रेस्क्यू वाहन पहुँच पाते हैं। ऐसे में इन जगहों के लिये एटीवी ही उपयुक्त वाहन हैं। यदि ये यहाँ सफल हो गए तो अन्य पहाड़ी स्थानों के लिये भी एटीवी खरीदे जाएंगे।
- विदित है कि फायर सर्विस आग लगने पर ही नहीं, बल्कि किसी हादसे की सूचना पर भी सबसे पहले पहुँचने वाली सेवा होती है। यही कारण है कि इसे फर्स्ट रिस्पॉन्डर भी कहा जाता है। अभी तक फायर सर्विस के पास वाहनों का ऐसा कोई अत्याधुनिक बेड़ा नहीं है, जिससे कि दुर्गम स्थानों पर कम जोखिम के साथ आसानी से पहुँचा जा सके।
- इसके लिये पिछले दिनों फायर सर्विस की ओर से दो एटीवी वाहनों की खरीद का प्रस्ताव शासन के भेजा गया था। शासन से तो इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ, लेकिन अब विश्व बैंक के बजट से पुलिस को नई उम्मीद मिली है। विश्व बैंक इसके लिये जल्द बजट स्वीकृत कर सकता है। प्रत्येक वाहन की कीमत करीब 75 लाख रुपए होगी।
- ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकिण ने भी पहाड़ी स्थानों के लिये एटीवी की ही सिफारिश की है। इसके साथ ही भारत सरकार ने भी सभी पहाड़ी राज्यों को इस तरह के वाहन खरीदने को कहा है, ताकि सँकरे रास्तों पर आसानी और तेज़ी से पहुँचकर लोगों की जान बचाई जा सके।
- इन वाहनों पर आग बुझाने के लिये पानी ले जाने की सुविधा भी रहेगी, यानी ये वाहन रेस्क्यू के लिये जवानों को ले जाने के साथ-साथ आग बुझाने का काम भी करेंगे।
- आग बुझाने के लिये जान का जोखिम कम करने को फायर सर्विस जल्द ही रोबोट का सहारा भी लेगी। इसके लिये पिछले साल मंज़ूरी मिली थी। अब दो रोबोट की खरीद के लिये टेंडर भी फायर सर्विस की ओर से जारी कर दिये गए हैं। आगामी 20 सितंबर तक विक्रेताओं से बिड मांगी गई हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद आधुनिक रोबोट फायर सर्विस के बेड़े में शामिल हो जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fire-service-will-do-rescue-in-the-mountains-with-modern-atv-vehicles